St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –14)** **Date: 21.09.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

'शिक्षक दिवस ' विषय पर एक अनुच्छेद लिखो :-

संकेत बिंदु :-

- शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है
- शिक्षक दिवस का महत्त्व
- शिक्षक दिवस का इतिहास
- शिक्षक सम्मान का पात्र

हम हर साल 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाते है | शिक्षक हमें न सिर्फ ज्ञान का प्रकाश देते है , बल्कि अच्छे - बुरे की पहचान भी करते हैं | वे हमारे मन के अंधकार को दूर करके ज्ञान की रौशनी फैलाते हैं | हमारे स्वस्थ परिवार , समाज और देश के निर्माण में शिक्षकों की अहम् भूमिका हैं |

इस दिन भारत की पूर्व उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन का जन्म हुआ था | वह स्वयं इस देश के महान शिक्षक थे | वैसे तो शिक्षक की उपासना सदियों पहले गुरुकुल से चली आ रही है , जब उसे गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता था | शिक्षक की तुलना गुरु और देवता से भी की जा सकती है | शिक्षक हमेशा मानव कल्याण के लिए लगे रहते है | अच्छे शिक्षक अपने ज्ञान के साथ - साथ अपने छात्रों को प्रेम का उपहार भी देते है |

हमारे विद्यालय में भी शिक्षक दिवस धूम -धाम से मनाया जाता है | छात्र अपने शिक्षकों के लिए तरह - तरह के कार्यक्रम करते है और उन्हें उपहार देते हैं | कबीरदास ने तो शिक्षक को ईश्वर से भी बड़ा बताया हैं -

'गुरु गोविन्द दोउ खड़े , काके लागूं पाय |

बलिहारी गुरु आपने ,गोविन्द दियो बताय ||

Poonam Mehra